**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 04.04.2025 (दोपहर–1310 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **आयुष्मान योजना घोटाला मामले मे रांची, जमशेदपुर समेत देशभर में कई जगहों पर ईडी की छापेमारी, जमशेदपुर में पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता के आप्त सचिव के आवास पर दबिश।**

2. **लाठीचार्ज में मौत के विरोध में आक्रोशित विस्थापित और समर्थकों का आज बोकारो बंद, बीएसएल प्लांट के अंदर 20 घंटे से फंसे कर्मचारी और अधिकारी, उत्पादन प्रभावित।**

3. **राज्यपाल संतोष गंगवार ने रांची में विकसित भारत 2047 को लेकर अंतराष्ट्रीय सेमिनार का किया उद्घाटन, नवाचार, स्टार्टअप, शोध और उद्यमशीलता पर दिया बल।**

4. **दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित फिल्म अभिनेता मनोज कुमार का निधन, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री के साथ राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने जताया शोक।**

*******************

राजधानी रांची, जमशेदपुर समेत देश के कई जगहों पर ईडी की छापेमारी चल रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आयुष्मान योजना घोटाला मामले में ईडी ने छापेमारी की है । यह कार्रवाई सुबह से रांची के अशोक नगर, पीपी कंपाउंड, एदलहातू, बरियातू, लालपुर और चिरौंदी में चल रही है। कई ठिकानों पर भारी संख्या में केन्द्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है । हमारे जमशेदपुर संवाददाता ने बताया कि मानगो थाना अंतर्गत नीलगिरी अपार्टमेंट स्थित पूर्व मंत्री बना गुप्ता के आप्त सचिव ओम प्रकाश उर्फ गुड्डू सिंह के आवास पर ईडी ने दबिश दी है । सात सदस्यीय टीम पूछताछ कर रही है।

*******************

बोकारो स्टील प्लांट में नियोजन की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे विस्थापित अप्रेंटिस संघ और सीआईएसएफ के बीच हुई झड़प में एक युवक की मौत के विरोध में आज बोकारो बंद है। बंद के कारण बीएसएल प्लांट के अंदर 20 घंटे से कर्मचारी और अधिकारी फंसे हैं और उत्पादन पर भी असर पड़ा है । विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता ।

*******************

धनबाद कारा महा निरीक्षक सुदर्शन प्रसाद मंडल ने आज धनबाद मंडल कारा का निरीक्षण किया। गौरतलब है कि होली के पहले उपायुक्त माधवी मिश्रा और एसएसपी हरदीप पी जनार्दन के नेतृत्व में की गई औचक छापेमारी में कई आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई थी। इसी घटनाक्रम के बाद आज आईजी ने निरीक्षण किया।

*******************

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा घोषित पारस्परिक टैरिफ की प्रतिक्रिया में इक्विटी बाजारों में वैश्विक बिकवाली के बाद आज भारतीय शेयर बाजार सूचकांक लाल निशान में खुले। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 544 अंक गिरकर 75,750 पर और निफ्टी 194 अंक गिरकर 23,059 पर कारोबार कर है। क्षेत्रीय मोर्चे पर, ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फार्मा, एफएमसीजी, धातु, रियल्टी और ऊर्जा प्रमुख रूप से पिछड़े रहे। केवल वित्त सेवाएँ ही लाभ के साथ कारोबार कर रही है।

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोना का भाव 84 हजार 500 रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख एक हजार प्रति किलो रहेगी।

*******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची के गोस्सनर कॉलेज में विकसित भारत 2047 विषय को लेकर एक अंतराष्ट्रीय सेमिनार का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत केवल आर्थिक प्रगति तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक समृद्धि, सामाजिक समरसता और वैज्ञानिक नवाचार का समन्वित प्रतिबिंब है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी युवा जनसंख्या है और हमें उन्हें नवाचार, स्टार्टअप, शोध और उद्यमशीलता की ओर प्रेरित करना होगा।

*******************

राजधानी रांची में पांच अप्रैल को रामनवमी की झांकी और छह अप्रैल को रामनवमी की मुख्य शोभायात्रा निकलेगी। वहीं, सात अप्रैल को मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन जुलूस निकाला जायेगा। तीनों कार्यक्रम को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने शहर की यातायात व्यवस्था में बदलाव किया है। इस संबंध में ट्रैफिक एसपी ने अधिसूचना जारी की है।

*******************

लोहरदगा जिला में खाद्य, सार्वजनिक, वितरण एवं उपभोक्ता विभाग द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण–सह–कार्यशाला का आयोजन किया गया। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं

*******************

दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित हिन्दी फिल्मों के जाने–माने अभिनेता मनोज कुमार का आज निधन हो गया। वे 87 साल के थे और पिछले कई दिन से बीमार थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिग्गज अभिनेता और फिल्म निर्माता मनोज कुमार के निधन पर शोक व्यक्त किया है । राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अपने लंबे और प्रतिष्ठित करियर में उन्होंने ऐसी देशभक्ति की फिल्में बनाई, जिन्होंने भारत के योगदान और मूल्यों में गर्व की भावना को बढ़ावा दिया। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मनोज कुमार ने राष्ट्रीय गौरव की भावना प्रज्वलित की, जो कई पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। राज्यपाल ने अपने सोशल मीडिया संदेश में कहा कि 'भारत कुमार' के रूप में उन्होंने अपनी फिल्मों के माध्यम से जन–जन में राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत किया।उनकी सांस्कृतिक और भावनात्मक विरासत सदैव स्मरणीय और प्रेरणास्पद बनी रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मरांग बुरु दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की विषम घड़ी सहन करने की शक्ति दे।

*******************

गर्मी की दस्तक के साथ ही राज्य में कई जगहों पर जल संकट गहराने लगा हैं। कोडरमा जिले के डगरनवां पंचायत के टेपरा गांव में बड़ी आबादी भी पेयजल की समस्या से जूझ रही है। ग्रामीणों की माने तो नदी के दूषित पानी को पीकर वे बीमार हो रहे हैं। इस समस्या पर उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने बताया कि टेपरा गांव वन क्षेत्र में बसा हुआ है, जहां जलापूर्ति के लिए एक बोरिंग कराई गई है ।

*******************

राज्य के कई जिलों में आज भी मौसम में बदलाव की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार आज गढ़वा, पलामू, लातेहार, चतरा, गोड्डा, साहिबगंज, दुमका, व पाकुड़ को छोड़कर राज्य के अन्य कई जिलों में गर्जन के साथ छिटपुट बारिश हो सकती है। विभाग के अनुसार कल से मौसम साफ होने की संभावना है

*******************

भारत के हितेश, ब्राज़ील में आज होने वाले मुक्केबाज़ी विश्व कप–2025 के फाइनल में पहुंचने वाले पहले मुक्केबाज़ बन गए हैं। उन्होंने सेमीफाइनल में 70 किलोग्राम भार वर्ग में फ्रांस के माकन ट्राओर को हराया। इस बीच, अन्य भारतीय मुक्केबाज़ों जदुमनी सिंह, सचिन सिवाच और विशाल ने अपने–अपने भार वर्ग में कांस्य पदक जीते

*******************

**और अब कुछ संक्षिप्त खबरें**

- सरायकेला जिले में छऊ आर्टिस्ट एसोसिएशन की एक अहम बैठक कला केंद्र में अध्यक्ष भोला मोहंती की अध्यक्षता में संपन्न हुई।बैठक में जानकारी दी गई कि प्रशासन द्वारा एसोसिएशन की अधिकांश मांगों को स्वीकार कर लिया गया है और 2025 का पारंपरिक चैत्र पर्व पारदर्शिता के साथ आयोजित किया जाएगा।
- रांची, खूंटी समेत राज्य भर में छठ व्रतियों ने आज उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया । इसके साथ ही चार दिवसीय लोक आस्था के महापर्व चैती छठ का समापन हो गया।

*******समाप्त*******